# मेवाड़ विश्वविद्यालय में विशेषज्ञ व्याख्यान एवं प्रशिक्षण में 65 विद्यार्थी लाभान्वित

**▪दास्ताने भीलवाड़ा @ चित्तौड़गढ़**

मेवाड़ विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्तौड़गढ़ एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-समर्थ आईटीई चित्तौड़गढ़ में दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। मेवाड़ विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर एवं इलेक्ट्रानिक्स इन्जिनियरिंग के विभागाध्यक्ष, रितेश ओझा द्वारा इलेक्ट्रीशियन एवं वायरमेन के विद्यार्थियों को औद्योगिक स्वचालन एवं तकनिशियन की भूमिका विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस विशेषज्ञ व्याख्यान एवं



प्रशिक्षण के दौरान कुल 65 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को अल्पकालीन कोर्सेज के बारे में भी जानकारी दी। गई जो भविष्य में अच्छी नौकरी प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगी। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को डिजीटल तकनीकी एवं उद्योग में उसकी भूमिका के बारे में बताया गया। ऑटोमेटिक मशीनों के संचालन एवं उनमें आने वाली त्रुटि को सुधारने आदि के सम्बन्ध में विस्तृत व्याख्यान दिया।

इस आयोजन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्तौड़गढ़ के वरिष्ठ अनुदेशक, आदेश कुमार सोलंकी, कनिष्ठ अनुदेशक, अशोक कुमार रेगर, प्रदीप ब्यावट, नूतन गर्ग एवं समर्थ आईटीआई के प्राचार्य किशन धाकड़ एवं अनुदेशक दीपक माली की इस दो दिवसीय आयोजन में सराहनीय भूमिका रही। प्रशिक्षण के अन्त में विद्यार्थियों से लिये गये फीडबैक के अनुसरण में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्तौड़गढ़ के वरिष्ठ प्राध्यापक आदेश कुमार सोलंकी द्वारा एक्सपर्ट लेक्चरर की सराहना की एवं भविष्य में इस प्रकार के और भी आयोजन करने की अनुशंषा की।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

**चमकता राजस्थान**

**चित्तौड़गढ़ ( अमित कुमार चेचानी )।** मेवाड़ विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्तौड़गढ़ एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-समर्थ आईटीई चित्तौड़गढ़ में दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया।

दिनांक 07 एवं 08 दिसम्बर को मेवाड़ विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर एवं इलेक्ट्रानिक्स इन्जिनियरिंग के विभागाध्यक्ष, श्री रितेश ओझा द्वारा इलेक्ट्रीशियन एवं वायरमेन के विद्यार्थियों को औद्योगिक स्वचालन एवं तकनिशियन की भूमिका विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस विशेषज्ञ व्याख्यान एवं प्रशिक्षण के दौरान कुल 65 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को अल्पकालीन कोर्सेज के बारे में भी जानकारी दी गई जो भविष्य में अच्छी नौकरी प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगी।



प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को डिजीटल तकनीकी एवं उद्योग में उसकी भूमिका के बारे में बताया गया। ऑटोमेटिक मशीनों के संचालन एवं उनमें आने वाली त्रुटि को सुधारने आदि के सम्बन्ध में विस्तृत व्याख्यान दिया।

इस आयोजन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्तौड़गढ़ के वरिष्ठ अनुदेशक, आदेश कुमार सोलंकी, कनिष्ठ अनुदेशक, अशोक कुमार रेगर, प्रदीप ब्यावट, नूतन गर्ग एवं समर्थ आईटीआई के प्राचार्य किशन धाकड़ एवं अनुदेशक दीपक माली की इस दो दिवसीय आयोजन में सराहनीय भूमिका रही।